भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या†1202

उत्तर देने की तारीख 25.11.2019

गोल का द्वितीय चरण

†1202. **श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद रावः**

श्री पी.वी. मिधुन रेड्डीः

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में भारत भर से आदिवासी लड़कियों को उनके समुदायों के लिए ग्रामीण स्तर के डिजिटल युवा नेता बनने हेतु प्रेरित करने , उनका मार्गदर्शन करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक फेसबुक कार्यक्रम जीओएएल (नेता के रूप में ऑनलाइन होना) के दूसरे चरण को शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पहले चरण में चुने गये राज्यों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या जनजातीय समुदाय के सदस्यों को आंध्र प्रदेश राज्य से चुना गया था; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्रीमती रेणुका सिंह सरुता)

(क) से (ङ): जीओएएल (गोइंग ऑनलाइन एज़ लीडर्स) जनजातीय युवाओं को भावी नेता बनाने के लिए सशक्त बनाने के लिए फेसबुक की डिजिटल मेंटरशिप पहल है।
जीओएएल परियोजना का उद्देश्य भारत के कई स्थानों के जनजातीय समुदायों से जनजातीय युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और व्यक्तिगत रूप से परामर्श देने के लिए ज्ञात संबंधित विषयों के विशेषज्ञों (नीति निर्माताओं और प्रभावशाली) प्रसिद्ध लोगों की पहचान करना और उन्हें जुटाना है। इस पहल को, चार जनजातीय युवाओं को प्रशिक्षण और परामर्श देने के लिए, 1 उपदेशक (मेन्टोर), जो अपने संबंधित विषय- क्षेत्रों का विशेषज्ञ होगा, की पहचान करने और नियोजित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

फेसबुक ने मार्च 2019 में स्वतः भारत के 5 राज्यों अर्थात मध्य प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र में एक पायलट परियोजना शुरू की थी, जिसमें उन्होंने 100 जनजातीय प्रशिक्षार्थियों और 25 उपदेशकों को चिह्नित किया था। इसके अलावा, फेसबुक द्वारा चरणबद्ध तरीके से 5 वर्षों में 1250 उपदेशकों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के 5000 जनजातियों को चिह्नित करने की परिकल्पना की गई है।

जीओएएल (गोइंग ऑनलाइन एज लीडर्स) फेसबुक की एक पहल है। जनजातीय कार्य मंत्रालय, फेसबुक द्वारा कार्यान्वित पायलट परियोजना से जुड़ा नहीं था इसलिए राज्य-वार लाभार्थियों के बारे में विशिष्ट विवरण उपलब्ध नहीं हैं।

******